''प्रधानमंत्री धन-धान्य'' कृषि योजना में नागौर देश में अव्वल रहा

इस योजना के तहत देशभर में चयनित 100 जिलों में राजस्थान के भी 8 जिले शामिल हैं

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान कृषि विकास और किसान कल्याण के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किसानों को समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। योजना के तहत देशभर में चयनित 100 जिलों में राजस्थान के आठ जिले शामिल हैं। इनमें नागौर ने फसल विविधीकरण और टिकाऊ खेती के क्षेत्र में 18.44 अंक हासिल कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। समग्र प्रदर्शन में भी नागौर 84.13 अंकों के साथ देशभर में दूसरे स्थान पर है, जबकि पाली जिला 11वें स्थान पर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का कहना है कि, प्रदेश सरकार का जोर कृषि उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय में सुधार, सिंचाई और भंडारण सुविधाओं को मजबूत करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर है। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना इन प्रयासों को गति देते हुए राजस्थान को कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- राज्य में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, किसानों की आय में सुधार, सिंचाई-भंडारण सुविधाएं मजबूत करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर विकसित करने पर सरकार का फोकस : मुख्यमंत्री

कृषि विकास के कई मानकों पर राजस्थान की उपलब्धि

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के तहत कृषि उत्पादकता बढ़ाने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करने, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करने, भंडारण क्षमता मजबूत करने और किसानों को कृषि ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नागौर ने फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ाने और दीर्घकालीन कृषि ऋण की बेहतर उपलब्धता में देशभर में चौथा स्थान हासिल किया है। कृषि उत्पादकता बढ़ाने तथा बेहतर प्रशासन और सेवाओं की उपलब्धता में जिला पांचवें स्थान पर है। वहीं, सिंचाई के बुनियादी ढांचे में सुधार के क्षेत्र में पाली ने आठवां स्थान प्राप्त किया है।

जैसलमेर की पहल को मिली राष्ट्रीय पहचान

योजना के तहत जैसलमेर में 2,000 एकड़ क्षेत्र में एकीकृत कीट प्रबंधन आधारित जीरे की खेती और 500 एकड़ में सौर ऊर्जा आधारित फव्वारा सिंचाई को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। इससे जल संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और कृषि उत्पादकता बढ़ाने को प्रोत्साहन मिल रहा है। फसल विविधीकरण से किसानों को बाजार में कीमतों के उतार-चढ़ाव और फसल संबंधी जोखिमों से बचाव के साथ बेहतर आय के अवसर भी मिलते हैं। बाजरा और दलहन जैसी पोषक फसलों का उत्पादन बढ़ने से पोषण सुरक्षा को भी मजबूती मिलती है।

36 योजनाओं के समन्वय से किसानों को लाभ

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के साथ अन्य मंत्रालयों, नीति आयोग, नाबार्ड और राज्य सरकार के समन्वय से 36 योजनाओं के माध्यम से काम किया जा रहा है।

इनमें पीएम-किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पीएम-किसान मानधन योजना, पीएम-कुसुम योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, कृषोन्नति योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, समेकित बागवानी विकास मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, अटल भूजल योजना, राष्ट्रीय गोकुल मिशन, राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्राथमिक कृषि साख समितियों का कम्प्यूटरीकरण और किसान क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं।

निगरानी से बेहतर क्रियान्वयन पर जोर

योजना की निगरानी के लिए जिला स्तर पर जिला कलेक्टर और राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समितियां गठित की गई हैं। राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय कार्यकारी समिति और सचिव की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय निगरानी समिति योजना की समीक्षा कर रही हैं। नीति आयोग के पोर्टल पर जिलों की मासिक रैंकिंग भी की जा रही है।

एलआईसी की तीन नई बीमा योजनाएं शुरू

सेवानिवृत्ति से लेकर कैंसर तक मिलेगी आर्थिक सुरक्षा



जयपुर। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दोराईस्वामी ने मंगलवार को तीन नई बीमा योजनाएं शुरू कीं। इनमें न्यू जीवन धारा- (प्लान 892), हेल्थ शील्ड (प्लान 907) और न्यू कैंसर कवर (प्लान 908) शामिल हैं। इन योजनाओं के माध्यम से सेवानिवृत्ति के बाद नियमित आय, परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के दौरान आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है।

एलआईसी की न्यू जीवन धारा (यूआईएन: 51239801) स्थगित वार्षिकी योजना है। इसमें निर्धारित स्थगन अवधि पूरी होने के बाद जीवनभर वार्षिकी भुगतान मिलेगा। पॉलिसी शुरू होने के समय ही वार्षिकी दरें सुनिश्चित होंगी। पॉलिसीधारक नियमित या एकल प्रीमियम के साथ एकल अथवा संयुक्त जीवन वार्षिकी का विकल्प चुन सकेंगे। स्थगन अवधि में अतिरिक्त प्रीमियम देकर टॉप-अप वार्षिकी की सुविधा भी मिलेगी। नियमित प्रीमियम में स्थगन अवधि 2 से 15 वर्ष तथा एकल प्रीमियम में 1 से 15 वर्ष होगी। प्रवेश की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु चुने गए विकल्प के अनुसार 65 या 70 वर्ष है। हैल्थ शील्ड (यूआईएन: 51236901) के तहत अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान प्रतिदिन निश्चित नकद लाभ तथा बड़ी सर्जरी और गंभीर बीमारियों पर एकमुश्त भुगतान मिलेगा। योजना में परिवार के सदस्यों को भी शामिल किया जा सकेगा। मुख्य बीमित व्यक्ति की प्रवेश आयु 18 से 65 वर्ष तथा बच्चों की आयु 90 दिन से 20 वर्ष निर्धारित है। पॉलिसी और प्रीमियम भुगतान की अवधि 15 वर्ष होगी। निर्धारित शर्तों के अनुसार मुख्य बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिवार के अन्य बीमित सदस्यों को प्रीमियम माफी का लाभ मिलेगा। नो-क्लेम लाभ और अतिरिक्त प्रीमियम पर राइडर के जरिए सुरक्षा बढ़ाने का विकल्प भी उपलब्ध है।

न्यू कैंसर कवर (यूआईएन: 51237001) में निर्धारित शुरुआती अवस्था के कैंसर का पता चलने पर लागू बीमा राशि का 25 प्रतिशत और गंभीर अवस्था में 100 प्रतिशत भुगतान किया जाएगा। गंभीर अवस्था के कैंसर पर बीमा राशि का 1 प्रतिशत प्रतिमाह 10 वर्ष तक देने का प्रावधान है। बीमित व्यक्ति की मृत्यु होने पर नियमानुसार यह राशि नामित व्यक्ति को मिलेगी।

योजना में समान या बढ़ती हुई बीमा राशि चुनने का विकल्प है। निर्धारित शर्तों के तहत कैंसर का पता चलने पर भविष्य के प्रीमियम से छूट भी मिलेगी। प्रवेश आयु 18 से 65 वर्ष और परिपक्वता आयु 28 से 75 वर्ष है। प्रीमियम भुगतान अवधि 10 से 15 वर्ष होगी। योजना के नियमों के अनुसार न्यूनतम मूल बीमा राशि 15 लाख से 35 लाख रुपये के बीच तथा सभी मौजूदा पॉलिसियों को मिलाकर अधिकतम बीमा राशि 50 लाख रुपये तक हो सकती है।

मुख्य सचिव ने एथेंस में भारतीय राजदूत और ईजीपीए अध्यक्ष से मुलाकात की

भारत-ग्रीस के बीच सुशासन व कार्मिक प्रशासन में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

जयपुर (कासं)। राजस्थान के मुख्य सचिव एवं इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (आईआईएएस) के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास ने मंगलवार को ग्रीस की राजधानी एथेंस में भारत के राजदूत रवि शंकर और यूरोपियन ग्रुप फॉर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (ईजीपीए) की अध्यक्ष प्रो. डॉ. सबीने कूलमान से मुलाकात की। इन बैठकों में कार्मिक प्रशासन, सुशासन और लोक प्रशासन के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा हुई।

एथेंस स्थित भारतीय दूतावास में राजदूत रवि शंकर के साथ शिष्टाचार भेंट के दौरान भारत-ग्रीस द्विपक्षीय संबंधों को कार्मिक प्रशासन और शासन व्यवस्था के क्षेत्र में और मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श हुआ। वहीं, ईजीपीए अध्यक्ष प्रो. डॉ. सबीने कूलमान के साथ बैठक में रोम में आयोजित ईजीपीए-2026 सम्मेलन की सफलता और उससे जुड़े आगामी



- यूरोपीय लोक प्रशासन और ईजीपीए की आगामी बैठक के एजेंडे पर भी किया विचार-विमर्श

कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। बैठक में पोप लियो चौदहवें के संदेश 'मैग्निफिका ह्यूमैनिटास' से जुड़े कार्यक्रमों तथा यूरोपीय लोक प्रशासन को सुदृढ़ बनाने के विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। इसके साथ ही 29 अक्टूबर, 2026 को प्रस्तावित ईजीपीए संचालन समिति की बैठक के एजेंडे पर चर्चा की गई। वी. श्रीनिवास ग्रीस की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। वे एथेंस में आयोजित इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स एंड इंस्टीट्यूट्स ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (आईएएसआईए) के वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। इस दौरान वे अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ लोक प्रशासन, सुशासन और प्रशासनिक संस्थाओं के कार्यों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

महिला पर्यटकों की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान

जयपुर। शहर में आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों, विशेषकर महिला पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्यटक थाना पुलिस ने प्रमुख पर्यटन स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि शहर में चलाए गए अभियान के दौरान महिलाओं को आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन नंबरों और सुरक्षा ऐप की जानकारी दी गई। पुलिस मुख्यालय के कालिका पेट्रोलिंग यूनिट संबंधी निर्देशों की पालना में आमेर, जलमहल की पाल, हवा महल, जंतर-मंतर, सिटी पैलेस, नाहरगढ़ किला और पत्रिका गेट सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जागरूकता गतिविधियां की गईं। पर्यटक थानाधिकारी शशिकला चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ऑटो-रिक्शा स्टैंड पर जाकर ऑटो चालकों, महिला ऑटो चालकों, टैक्सी चालकों, होटल-रेस्तरां संचालकों और उनके कर्मचारियों से संवाद किया।इस अभियान के दौरान महिला पर्यटकों को महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 1090 और आपातकालीन पुलिस सहायता नंबर 112 की जानकारी दी गई।

राजस्थान विश्वविद्यालय के दो कॉलेजों में महिला प्राचार्य नियुक्त

कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने प्रो. सुनीता शर्मा और प्रो. प्रवीण शर्मा को सौंपी जिम्मेदारी, तीन वर्ष का होगा कार्यकाल

जयपुर। राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. भगवती प्रसाद सारस्वत ने राजस्थान महाविद्यालय और वाणिज्य महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर प्रो. सुनीता शर्मा और प्रो. प्रवीण शर्मा की नियुक्ति की है। दोनों नियुक्तियां तीन वर्ष के लिए की गई हैं। वाणिज्य महाविद्यालय के लगभग 70 वर्ष के इतिहास में पहली बार किसी महिला को प्राचार्य की जिम्मेदारी मिली है। प्रो. प्रवीण शर्मा महाविद्यालय की 29वें प्राचार्य होंगे, जबकि प्रो. सुनीता शर्मा राजस्थान महाविद्यालय का नेतृत्व करेंगी।

प्रो. सुनीता शर्मा राजस्थान विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग की वरिष्ठ प्रोफेसर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष हैं। उन्हें शिक्षण, अनुसंधान और प्रशासन का लंबा अनुभव है। वे बोर्ड ऑफ स्टडीज की संयोजक, सीनेट सदस्य तथा राजस्थान संस्कृत अकादमी की महासमिति में राज्य सरकार की ओर से नामित सदस्य रह चुकी हैं। उन्हें राजस्थान सरकार का संस्कृत विद्वत सम्मान और राजस्थान संस्कृत अकादमी का संस्कृत विदुषी सम्मान भी मिल चुका है।

वहीं प्रो. प्रवीण शर्मा वर्तमान में विश्वविद्यालय के ईएएफएम विभाग की विभागाध्यक्ष और डीन, स्टूडेंट वेलफेयर हैं। उन्हें अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों का व्यापक अनुभव है।

विश्वविद्यालय के महाराजा महाविद्यालय में प्रो. सरीना कालिया, महारानी महाविद्यालय में प्रो. नूपुर माथुर और लॉ



कॉलेज में डॉ. अंजू गहलोत पहले से ही प्राचार्य की जिम्मेदारी निभा रही हैं। नवनियुक्त प्राचार्यों के सामने नियमित कक्षा संचालन, शैक्षिणक गुणवत्ता, अनुशासन, आधारभूत सुविधाओं के विकास और विद्यार्थी कल्याण को मजबूत करने की प्राथमिकताएं रहेंगी। वाणिज्य महाविद्यालय में योग एवं ध्यान, सांस्कृतिक गतिविधियों, सेमिनार और करियर मार्गदर्शन कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं, राजस्थान महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय को प्रोत्साहित किया जाएगा।

विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को राहत दिलाने के लिए रीको ने एनजीटी में रखा वैकल्पिक प्रस्ताव

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों के हितों की रक्षा के लिए राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम (रीको) ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी), भोपाल के समक्ष विविध प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए हैं। रीको ने ग्राम बीड पापड़ की खसरा संख्या 7/2 की 2.9087 हैक्टेयर भूमि के संबंध में वैकल्पिक व्यवस्था का प्रस्ताव दिया है।

प्रस्ताव के अनुसार, रीको विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र में ही अन्य स्थान पर 2.9087 हैक्टेयर भूमि वन प्रयोजन के लिए आरक्षित करेगा। साथ ही, प्रस्तावित भूमि पर वनीकरण का पूरा खर्च भी रीको वहन करेगा। इसका उद्देश्य संबंधित भूमि पर संचालित औद्योगिक इकाइयों और उनसे जुड़े उद्यमियों के हितों की रक्षा करना है।

- 2.9087 हैक्टेयर भूमि वन प्रयोजन के लिए आरक्षित करने और वनीकरण का खर्च उठाने की पेशकश

उल्लेखनीय है कि एनजीटी, भोपाल ने 16 सितंबर 2026 को कमलकांत तिवाड़ी की ओर से प्रस्तुत आवेदन पर सुनवाई करते हुए वन विभाग को खसरा संख्या 7/2 की 2.9087 हेक्टेयर भूमि का कब्जा प्राप्त करने के निर्देश दिए थे। इस आदेश से उद्यिमयों पर पड़ने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए रीको ने वैकल्पिक व्यवस्था का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

रीको के प्रार्थना पत्र पर एनजीटी में शीघ्र सुनवाई होने की संभावना है। मामले में अपना पक्ष प्रभावी ढंग से रखने और उद्यमियों के हितों की रक्षा के लिए रीको ने अतिरिक्त महाधिवक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता की नियुक्ति भी की है।

रामलीला महोत्सव : चांदपोल से न्यू गेट तक निकलेगी श्रीराम बारात

जयपुर। श्री सनातन धर्म महोत्सव समिति की ओर से न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला महोत्सव के तहत बुधवार, 14 अक्टूबर को श्री राम बारात निकाली जाएगी। यह बारात शाम 6 बजे चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन श्री रामचंद्र जी मंदिर से रवाना होगी।

समिति अध्यक्ष नवनीत मित्तल ने बताया कि श्रीराम बारात महोत्सव का मुख्य आकर्षण रहेगी। बारात छोटी चौपड़, त्रिपोलिया, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार और बापू बाजार होते हुए न्यू गेट स्थित रामलीला मैदान पहुंचेगी। इस दौरान मार्ग में शहरवासी जगह-जगह बारात का स्वागत करेंगे। रामलीला मैदान पहुंचने पर श्री राम विवाह और कन्यादान की लीला का मंचन किया जाएगा। वहीं 20 अक्टूबर तक चलने वाले महोत्सव में रामायण के प्रमुख प्रसंगों का मंचन भी किया जाएगा।

जयपुर पुलिस के 6 जवानों को ''कांस्टेबल ऑफ द मंथ'' सम्मान

जयपुर। जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में सितंबर 2026 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह पुलिसकर्मियों को मंगलवार को 'कांस्टेबल ऑफ द मंथ' सम्मान से नवाजा गया।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने पुलिस कमिश्नरेट में आयोजित कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्यों को पहचान देने से पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ता है और वे अधिक मेहनत व समर्पण के साथ जनसेवा के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने कहा कि जयपुर पुलिस का ध्येय 'आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' की भावना को धरातल पर उतारना है।

पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि डीएसटी जिला पूर्व के कांस्टेबल हेमन्त फौजदार ने रामनगरिया थाना क्षेत्र में बैंक लूट की वारदात का 48 घंटे में खुलासा करने में अहम भूमिका निभाई। इसके अलावा गांधीनगर थाने के एनडीपीएस प्रकरण में 50.07 ग्राम स्मैक बरामद करवाने में भी योगदान दिया।

बिंदायका थाने के कांस्टेबल श्रीराम ने प्रेस्टीज गार्डन कॉलोनी में गर्भवती महिला की हत्या कर शव दफनाने के मामले में मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे मार्ग की स्लीपर बसों की जांच की। उनकी सतर्कता से मुख्य आरोपी प्रवेश रावत उर्फ हग्गु की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

गलतागेट थाने के कांस्टेबल राजेंद्र सिंह ने दर्ज मामले में वांछित माल-मशरूका की बरामदगी में सहयोग किया। साथ ही अन्य आपराधिक मामलों में कार्रवाई के दौरान कुल 15 मोटरसाइकिलें बरामद करवाने में उल्लेखनीय योगदान दिया।

शिवदासपुरा थाने के कांस्टेबल विनोद कुमार ने पांच लंबित वारंट और छह सम्मनों की समय पर तामील करवाकर उनका निस्तारण कराया। उन्होंने कई वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी में भी सराहनीय भूमिका निभाई।

यातायात पूर्व के कांस्टेबल अनिल ने सांगानेर मुख्य बाजार सहित भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त कर यातायात सुचारू बनाने में योगदान दिया।

इससे आमजन को जाम से राहत मिली। इसके अलावा पुलिस उपायुक्त मुख्यालय कार्यालय में कार्यरत कांस्टेबल मनोज पिंगोलिया ने पुलिसकर्मियों के पुलिस पदक, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक, राजस्थान पुलिस सेवा पदक तथा उत्कृष्ट एवं अति उत्कृष्ट सेवा पदकों के प्रस्ताव समय पर पुलिस मुख्यालय भिजवाए। वहीं वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन (एसीआर), संपत्ति विवरण और राजकाज मॉड्यूल पर अवकाश आवेदन से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने तथा कार्मिकों के अभिलेखों के संधारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पंचायत चुनाव के लिए 8886 कार्मिकों ने लिया प्रशिक्षण

जयपुर (कासं)। पंचायती राज आम चुनाव-2026 के सफल आयोजन के लिए 12 और 13 अक्टूबर को मतदान दलों का प्रथम चरण का प्रशिक्षण दो पारियों में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया, ईवीएम की कार्यप्रणाली, आदर्श आचार संहिता और मतदान दलों के दायित्वों की जानकारी दी गई। कार्मिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने तथा अपने दायित्वों का निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।

प्रशिक्षण प्रकोष्ठ प्रभारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय देवयानी ने बताया कि दोनों दिनों में कुल 9,781 कार्मिकों को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया, जिनमें से 8,886 उपस्थित रहे और 895 अनुपस्थित रहे।

12 अक्टूबर को जयपुर शहर एवं ग्रामीण में दोनों पारियों में कुल 6293 कार्मिकों को बुलाया गया था। इनमें से 5712 उपस्थित रहे और 581 अनुपस्थित रहे। प्रथम पारी में जयपुर शहर के 1908 में से 1675 तथा

- जयपुर शहर और ग्रामीण में दो दिन चला प्रशिक्षण, 895 कार्मिक अनुपस्थित

जयपुर ग्रामीण के 1645 में से 1533 कार्मिक उपस्थित रहे। दूसरी पारी में जयपुर शहर के 1108 में से 970 तथा जयपुर ग्रामीण के 1632 में से 1534 कार्मिकों ने प्रशिक्षण लिया। मंगलवार को प्रथम पारी में जयपुर शहर के 1,811 में से 1,636 तथा जयपुर ग्रामीण के 671 में से 633 कार्मिक उपस्थित रहे।

दूसरी पारी में जयपुर शहर के 910 में से 812 और जयपुर ग्रामीण के 96 में से 93 कार्मिकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि मतदान दलों की भूमिका चुनाव प्रक्रिया में महत्वपूर्ण है। सभी कार्मिकों को ईवीएम से मतदान की पूरी प्रक्रिया समझने और निर्वाचन संबंधी नियमों का पालन करते हुए बिना किसी लापरवाही के जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए।

16 आरएएस अधिकारियों को आईएएस में पदोन्नति

जयपुर। राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के 16 अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) में पदोन्नित मिली है। केंद्रीय कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने 13 अक्टूबर को इस संबंध में आदेश जारी किए। पदोन्नत अधिकारियों में आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष महावीर खराड़ी सहित तीन महिला अधिकारी शामिल हैं। पदोन्नित पाने वाले अधिकारियों में 1998 बैच के 13 और 1999 बैच के तीन अधिकारी हैं। सूची में गोपाल राम बिरदा, मेघना चौधरी, ओमप्रकाश जैन, राजेश सिंह, मुकेश कुमार शर्मा, महेंद्र कुमार शर्मा, अंजू राजपाल, विवेक कुमार, मदन लाल नेहरा, दिनेश कुमार जांगिड, पूनम प्रसाद सागर, उम्मेद सिंह, महावीर खराड़ी, डॉ. भागचंद बघाल, असलम शेर खान और नरेंद्र कुमार बंसल के नाम शामिल हैं। पदोन्नत अधिकारियों में महावीर खराड़ी वर्तमान में उदयपुर में जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। वह आरएएस एसोसिएशन के अध्यक्ष भी हैं।

गहलोत चाहते हैं राहुल-खरगे की छवि धूमिल हो, ताकि उन्हें मिले कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी : राठौड़

डोटासरा देख रहे हैं मुंगेरीलाल के सपने, अधिकारियों के भरोसे नहीं चलती राजनीतिक पार्टियां : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष


भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़

जयपुर (कासं)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर निशाना साधा। उन्होंने राहुल गांधी के हालिया प्रदर्शनों के दौरान व्यवहार को अशोभनीय बताते हुए कहा कि महिला पुलिसकर्मियों और महिला पत्रकारों के साथ उनका व्यवहार चिंताजनक है। नेता प्रतिपक्ष के पद की अपनी गरिमा होती है और उसके अनुरूप आचरण होना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि भाजपा भी लंबे समय तक विपक्ष में रही, लेकिन लोकतांत्रिक मर्यादाओं और मापदंडों का पालन किया।गहलोत पर तंज कसते हुए राठौड़ ने कहा कि कहीं वे ऐसा तो नहीं चाहते कि राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे की छवि धूमिल हो जाए, ताकि उन्हें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कुर्सी मिल सके। उन्होंने कहा कि गहलोत को गलत आचरण का समर्थन करने के बजाय अपने नेताओं को सही सलाह देनी चाहिए।

डोटासरा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे मुंगेरीलाल के सपने देख रहे हैं। राजनीतिक पार्टियां अधिकारियों के भरोसे नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं और जनाधार के बल पर चलती हैं। राठौड़ ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर विपक्ष के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपराधियों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई कर रही है और दोषी पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई की जाती है।

राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और भाजपा संगठन ने पंचायत चुनावों के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। कार्यकर्ता, विधायक, सांसद और स्थानीय नेता जनता के बीच सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों को पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टिकट नहीं मिलने वाले कार्यकर्ताओं को भी संगठन में उचित जिम्मेदारी दी जाएगी। भाजपा संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की मेहनत और सरकार के विकास कार्यों के आधार पर पंचायत चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी।